**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 29.01.2025

### अवैध प्लॉटिंग पर नोटिस

**वाराणसी।** सारनाथ वार्ड के उमरहा स्वर्वेद महामंदिर के पीछे मुढ़नी जाल्हूपुर का वीडीए के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने निरीक्षण किया। यहां तीन प्लॉटिंग अवैध तरीके से विकसित की जा रही थी। तीनों को नोटिस जारी किया गया। संहदा के पास डब्लू सिंह की ओर से 6 हजार वर्ग मीटर में अवैध प्लॉटिंग, उमरहा में बब्लू कुमार की ओर से 3 हजार वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग और बेनीपुर में ओमप्रकाश यादव की ओर से 4 हजार वर्गमीटर में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 29.01.2025

### स्वर्वेद मंदिर के पीछे प्लाटिंग पर नोटिस

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्वर्वेद महामंदिर के पीछे कुछ लोग बिना मानचित्र स्वीकृत कराए प्लाटिंग कर रहे थे। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) की टीम ने मंगलवार को तीन कालोनाइजर को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

जोन-1 की टीम उमरहा स्वर्वेद महामंदिर के पीछे मौजा मुढ़ली का स्थल निरीक्षण किया। वहां तीन प्लाटिंग विकसित पाई गई। मौजा-संदाहा में कालोनाइजर डब्बू सिंह ने लगभग 6000 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में अनाधिकृत प्लाटिंग की थी। इस पर नोटिस दिया गया।

इसी प्रकार मौजा-उमरहा के अंतर्गत बबलू कुमार ने 3000 वर्ग मीटर के भूमि क्षेत्रफल में अनाधिकृत प्लाटिंग किया था। मौजा-बेनीपुर में ओम प्रकाश यादव ने 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत प्लाटिंग की थी। शिकायत मिलने पर जांच के बाद संबंधित सभी लोगों को नोटिस जारी किया गया है।



स्वर्वेद मंदिर के पीछे प्लाटिंग की जांच करते वीडीए की टीम के सदस्य।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 29.01.2025

# शहर में सुंदरता बढ़ाएंगी 61 कलाकृतियां

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण शहर को सुंदर बनाने के लिए नए प्रयोग करता रहता है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर 61 आकर्षक कलाकृतियां लगाने का निर्णय लिया गया है। इसमें से 25 कलाकृतियां लगा दी गई हैं। इन सभी को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में तैयार किया जा रहा है।

वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड, नार्थ ईस्ट जोन कल्चरल सेंटर (एनईजेडसीसी) और बीएलडब्ल्यू की सहायता से आकर्षक कलाकृतियां तैयार की जा रही हैं। साथ ही विभिन्न स्थानों पर लैंडस्केपिंग के तहत पौधारोपण, आकर्षक लाइटिंग और साइनेज भी लगाए जाएंगे। ये मूर्तियां न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाती हैं बल्कि यहां की सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करती हैं।



चौकाघाट स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय के सामने स्थापित प्रतिमा● जागरण



एयरपोर्ट पर बना तेजस● वीडीए

विकास प्राधिकरण के सहयोग से 61 में 25 स्थानों पर स्थापित की गई विभिन्न आकृतियां

### विभिन्न स्थानों पर स्थापित कुछ प्रमुख कलाकृतियां

- मोर-राष्ट्रीय पक्षी-एयरपोर्ट परिसर
- तेजस- एयरपोर्ट क्रासिंग
- कत्थक नृत्यांगना- एयरपोर्ट क्रासिंग
- मुक्केबाजी, क्रिकेट, भाला फेंकना- हरहुआ क्रासिंग
- बोधि वृक्ष-संदाहा चौरा (अटल चौक)
- अग्नि स्तंभासन- भोजूबीर चौराहा
- वाराणसी के घाट - सर्किट हाउस
- वाराणसी का गोलाकार स्वरूप- सर्किट हाउस
- फूलों की संरचना- वीडीए परिसर
- कालीन बुनने वाला कारीगर - चौकाघाट क्रासिंग
- शीर्षासन- लहुराबीर क्रासिंग
- वनस्पति-वाराणसी रेलवे स्टेशन
- पैरा ओलंपिक - एनसीओई ब्लाक, सिगरा स्टेडियम
- बैल-लड़ाई- मंडुआडीह रोड
- प्रभात वचन-संपूर्णानंद संस्कृत विवि
- कालीन बनाने वाले कारीगर - ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर

## आज–दि0 29.01.2025

# अवैध प्लाटिंग पर नोटिस

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को उमरहां सर्वेश महाविद्यालय के पीछे तीन प्लाटिंग विकसित करती हुई पायी गयी। जिनमें प्रमुख रूप से मौजा-संदहा में डब्बू सिंह इन्होंने ६००० वर्ग मीटर पर अनाधिकृत प्लाटिंग की है। वहीं उमरहां के अंतर्गत बबलू कुमार ३००० वर्ग मीटर पर बबलू कुमार हैं और सारनाथ मौजा बेनीपुर में ओमप्रकाश यादव नामक व्यक्ति ने ४००० वर्ग मीटर पर बिना अनुमति के प्लाटिंग का कार्य किया। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश कुमार, अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर तीनों भवन स्वामी को नोटिस जारी किया और उन्हें चेतावनी दी कि बिना अनुमति के प्लाटिंग के निर्माण कराने पर कानूनी कारवाई की जा सकती है।

## आज–दि0 29.01.2025

# वीडीए मूर्तियों के अलावा लैंडस्कैपिंग एवं आकर्षक लाइटिंग लगायेगा

वाराणसी विकास प्राधिकरण शहर को सौंदर्य रूप में दिखने के लिए ६१ आकर्षक मूर्तियों को तैयार करा रही है जिसमें रेलवे बोर्ड, नार्थ इस्ट जोन कल्चरल सैंटर और बनारस रेल इंजन कारखाना की सहायता से ६१ मूर्तियां बनायी जायेंगी जिसमें २५ प्रमुख मुर्तियां शहर के प्रमुख स्थानों पर स्थापित करने के बाद विभिन्न स्थानों पर लैंडस्कैपिंग जिसमें पौधारोपण, आकर्षक लाइटिंग और साइनेस भी लगाये जायेंगे जिससे कि शहर की सुंदरता और आकर्षक हो सकती है। इन मूर्तियों में सांस्कृतिक धरोहर का भी ध्यान रखा गया है। इसमें पहले एयरपोर्ट के अंदर लकड़ी के १५० ग्राम आकार की हाथी का आकार, गुड़िया की मूर्ति बनायी गयी है। २-राष्ट्रीय पक्षा मोर जिसका वजन २.५ टन है। यह भी एयरपोर्ट परिसर में रखी जायेगी जैसा कि वाराणसी में नृत्यांगन के प्रति लोगों की आकर्षक को देखते हुए एक आकार एयरपोर्ट क्रासिंग पर लगाया जायेगा। इसी प्रकार एक और अन्य मूर्ति लगायी जायेगी जो कि लगभग १७५ ग्राम की होगी। मुक्केबाजी, क्रिकेट, भाला फेंकने की एक मूर्ति हरहुआ क्रासिंग पर होगी। बोधि वृक्ष संदहा चौराहे पर स्थित अटल चौक पर लगाया जायेगा। अग्नि स्तंभासन-भोजूबीर चौराहा पर जिसका वजन लगभग ढाई टन होगा, वहीं सर्किट हाउस पर दो टन की गोलाकार स्वरुप स्थापित किया जायेगा। जो क्रमशः दो और एक टन का होगा। फूलों की संरचना वीडीए परिसर में लगायी जायेगी। कालीन बुनने वाले कारीगर की प्रतिमा जो लगभग सवा टन की होगी इसे चौकाघाट

## रेलवे के सहयोग से ६१ मूर्तियों को दो दर्जन जगहों पर की जायेंगी स्थापित

क्रासिंग पर लगाया जायेगा। जबकि नंदी का मूर्ति मैदागिन चौराहे पर होगा जो कि दो टन के लगभग है। वहीं लहुराबीर क्रासिंग पर शीरशासन की मूर्ति लगायी जायेगी जो लगभग १.७ टन का होगा। वनस्पति की प्रतिमा वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर लगायी जायेगी जो लगभग ०.८ टन की होगी। वहीं पारा ओलंपिक एनसीओई ब्लाक सिगरा स्टेडियम पर लगाया जायेगा जो लगभग १५० किलोग्राम का होगा जबकि हाथी का जोड़ा अंबेडकर चौराहे पर लगाया जायेगा। जिसका वजन एक टन होगा। जबकि बैल की लड़ाई मंडुआडीह रोड पर होगा जिसका वजन लगभग तीन सौ किलोग्राम होगा। प्रभात मंचन संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पास लगेगा वहीं कालीन बनाने वाले कारीगर ट्रैड फैसिलिटेशन सैंटर पर लगाया जायेगा। निफ्ट न्यू कैंपस स्टेडियम रोड के पास प्रतिमा लगायी जायेगी वहीं हाथ में लिये रुद्राक्ष की प्रतिमा रुद्राक्ष कान्वेंशन सैंटर के पास बनेगा। शेर की प्रतिमा आजमगढ़ रिंग रोड चौराहे पर लगाया जायेगा जिसका वजन साढ़े पांच टन होगा। वहीं रिंग रोड जंक्शन आजमगढ़ में भी दूसरी शेर की प्रतिमा लगायी जायेगी जो कि यह भी साढ़े पांच टन का होगा माता और बाल की प्रतिमा कबीर चौरा स्थित जिला महिला अस्पताल के पास लगेगी। इन कलानात्मक संरचनाओं के माध्यम से विकास प्राधिकरण शहर के सांस्कृतिक और इतिहासिक गौरव को निखारने का प्रयास करेगा जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को काफी हद तक यहां की सभ्यता के विषय में जानकारी होगी और वाराणसी में आने वाले हर चौराहों पर एक सुंदर दृश्य दिखायी देगा।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.01.2025

# वीडीए ने अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध की कार्रवाई

**वाराणसी।** सारनाथ वार्ड में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध मंगलवार को वीडीए ने कार्रवाई की। जोन-2 के जोनल द्वारा उमरहा सर्वेद महामन्दिर के पीछे मौजाः मुढ़ली, परगना जाल्हूपुर, वार्ड सारनाथ का स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल पर कुल तीन प्लाटिंग विकसित पायी गयी। इसी कड़ी में मौजा-संदाहा के अंतर्गत डब्बू सिंह द्वारा लगभग 6000 वर्ग मीटर के भूमि क्षेत्रफल में किये गये अनाधिकृत प्लाटिंग के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। वहीं, मौजा-उमरहा के अंतर्गत बब्लू कुमार द्वारा लगभग 3000 वर्ग मीटर के भूमि क्षेत्रफल में किये गये अनाधिकृत प्लाटिंग के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह मौजा-बेनीपुर के अंतर्गत ओम प्रकाश यादव द्वारा लगभग 4000 वर्ग मीटर के भूमि क्षेत्रफल में किये गये अनाधिकृत प्लाटिंग के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार उपस्थित थे।